प्राधिकरण दोनों की हैदराबाद, बागडोगरा, बम्बई, दिल्ली, कलकत्ता और मद्रास हवाई अड्डों पर शीत भंडारण स्थापित करने की योजना है ।

(ग) योजना प्रारंभिक स्थिति में है । अतः इस समय यह सुविधा प्रचालनात्मक बनाने की संभावित तारीख बताना बहुत जल्दी करना होगा ।

पक्षियों के टकराने के कारण हुई विमान दुर्घटनायें

1362. **श्री अजीत जोगी** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पक्षियों के टकराने के कारण हुई विमान दुर्घटनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) ऐसी दुर्घटनायें न होने देने के लिये उठाये गये कदमों का ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान पक्षियों के विमान से टकराने के कारण कोई विमान दुर्घटना नहीं हुई । तथापि, पिछले तीन वर्षों के दौरान विमान के पक्षियों से टकराने की निम्नलिखित घटनायें हुई :—

वर्ष	घटनाओं की संख्या
1992	127
1993	131
1994 (आज तक)	140

(ख) निम्नलिखित निवारक कदम उठाए गए हैं :—

(1) विमान क्षेत्र के भीतर फ्लाइट किचन और विमान में बचे-खुचे भोजन और कचरे का उचित निपटान सुनिश्चित किया जाता है।

(2) प्रचालनात्मक क्षेत्रों को समतल करना, जंगली वनस्पति को साफ करना, उचित जल-निकास व्यवस्था और हवाई अड्डों के भीतर हैंगरों में कबूतरों के प्रवेश को रोकने की व्यवस्था करना आदि कार्य आरम्भ किए गए हैं।

(3) विमानपत्तन प्राधिकारियों, एयरलाइंस और नगरपालिका तथा स्वास्थ्य प्राधिकारियों के सहयोग से नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारी पक्षियों को आकर्षित करने वाले स्रोतों का पता लगाने के लिए प्रमुख विमानपत्तनों के इर्द-गिर्द के क्षेत्रों का आवधिक संयुक्त सर्वेक्षण करते हैं।

(4) मरे हुए पशुओं की खाल उतारने और पशुओं को मारने और खुले में कचरा डालने में जिनसे हवाई अड्डे के निकट पक्षी आकृष्ट होते हैं, लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वायुयान के अधिनियम, 1937 और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत मुकदमा चलाया जाता है।

(5) पक्षियों के खतरे को नियंत्रित करने के उपायों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के लिये विमानपत्तनों पर विमानक्षेत्र पर्यावरण प्रबंध समितियां स्थापित की गई हैं।

Voluntary retirement scheme in Air Indja

1363. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is Circular by Government/AI dated 16th October, 1991 regarding Volun-